29 से बढ़कर 38 हुए खान सुरक्षा महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय

चर्चा में क्यों?

29 मई, 2022 को खान सुरक्षा महानिदेशालय **(DGMS)**, धनबाद ने क्षेत्रीय कार्यालयों की संख्या 29 से बढ़ाकर 38 करने की अधिसूचना जारी कर दी गई।

प्रमुख बिंदु

- एक दशक से भी अधिक समय के बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालयों का पुनर्गठन कर उनकी संख्या बढ़ाई गई है। हालांकि, जोन की संख्या (वर्तमान में 8) में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- इस्टर्न ज़ोन सीतारामपुर, साउथ-इस्टर्न ज़ोन रांची, साउदर्न ज़ोन बैंगलोर, वेस्टर्न ज़ोन नागपुर एवं नॉर्थ-वेस्टर्न ज़ोन उदयपुर में एक-एक क्षेत्रीय, साउथ सेंट्रल ज़ोन हैदराबाद और नॉदर्न ज़ोन गाज़ियाबाद में दो-दो क्षेत्रीय कार्यालय को जोड़ा गया है।
- इस्टर्न ज़ोन सीतारामपुर में गुवाहटी रीजन-2, साउथ-इस्टर्न ज़ोन राँची में भुवनेश्वर रीजन-2, साउदर्न ज़ोन बैंगलोर में बेल्लारी रीजन-2, वेस्टर्न ज़ोन नागपुर में परसिया रीजन, नॉर्थ-वेस्टर्न ज़ोन उदयपुर में अहमदाबाद रीजन-2, साउथ सेंट्रल ज़ोन हैदराबाद में नेल्लोर रीजन व हैदराबाद रीजन-3 तथा नॉदर्न ज़ोन गाजियाबाद में श्रीनगर रीजन व अजमेर रीजन-2 को जोड़ा गया है।
- उल्लेखनीय है कि इससे पहले डीजीएमएस के क्षेत्रीय कार्यालयों का पुनर्गठन वर्ष 2009 में किया गया था, तब 6 ज़ोन, 21 क्षेत्रीय कार्यालय और पाँच उपक्षेत्रीय कार्यालय के साथ मौजूदा 6 ज़ोन में 2 नए ज़ोन के साथ 29 क्षेत्रीय और 3 उपक्षेत्रीय कार्यालय के साथ 8 ज़ोन के वर्तमान स्तर तक लाया गया था।
- 2 नए ज़ोन- साउदर्न ज़ोन और नॉर्थ-वेस्टर्न ज़ोन और 8 नए क्षेत्रीय कार्यालय- वाराणसी, सूरत, अहमदाबाद, बैंगलोर, बेल्लारी, गुवाहटी (उपक्षेत्रीय से क्षेत्रीय में अपग्रेड), रायगढ़ और ग्वालियर का गठन किया गया था। उस समय रामगढ़ उपक्षेत्रीय कार्यालय को राँची में ट्रांसफर कर दिया गया और साउदर्न-इस्टर्न ज़ोन, राँची के साथ विलय कर दिया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regional-offices-of-directorate-general-of-mines-safety-increased-from-29-to-38